**MFL India Limited**
**(CIN: L63040DL1981PLC012730)**
**Regd. Office: P-56, P Block, Pandav Nagar, Mayur Vihar Phase -1,**
**East Delhi-110091**
**Website: www.mflindia.co.in Contact No +91-011-41425137**

---

**MFL/BSE//2026-27** **Date: 14.08.2026**

To
The Dy. General Manager,
Department of Corporate Services
The Bombay Stock Exchange Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai 400001

**Subject: Intimation for Published Financial Result in the News Paper.**

**Ref.: Scrip Code No. 526622**

Dear Sir,

Please find attached herewith News Paper clipping for published financial result for the quarter ended 30th June, 2026 in Financial Express (English) and Metro Media (Hindi) on dated 14th August, 2026 for your kind information and record.

Kindly acknowledge the above and take on record.

Yours Faithfully
For MFL India Limited

Anil Thukral
Digitally signed by Anil Thukral
Date: 2026.08.14 11:52:17 +05'30'

**Name-** Anil Thukral
**Designation-** Managing Director
**DIN:** 01168540

## राधाकृष्णन ने केन्या के संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत यात्रा पर आये केन्या की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष डॉ. मोसेस एम. वेतांग'उला के नेतृत्व वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल से गुरुवार को यहां मुलाकात की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने भारत और केन्या के बीच घनिष्ठ संसदीय संबंधों पर प्रकाश डाला और 'कागज रहित' संसद की दिशा में डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित प्रौद्योगिकी समाधान और डिजिटल प्रौद्योगिकी में अपने अनुभव साझा करने के लिए भारत की तत्परता व्यक्त की।

उन्होंने केन्या के संसदीय मैत्री समूह में एक भारतीय मूल के संसद सदस्य की उपस्थिति का उल्लेख किया और केन्या की नेशनल असेंबली के परिसर में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने याद किया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में केन्या का दौरा किया था, उसके बाद 2023 में राष्ट्रपति रुतो की भारत यात्रा हुई थी। केन्या के साथ भारत की विकास साझेदारी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुदान सहायता के रूप में कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया है।

# देश के इनोवेशन ईको सिस्टम में राजस्थान का योगदान अहमः सीतारमण

### केन्द्रीय वित्त ने कहा कि प्रदेश के स्टार्टअप्स की उपलब्धियों के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिए

**जयपुर, एजेंसी।**

केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के इनोवेशन ईको सिस्टम में राजस्थान का बड़ा योगदान बताते हुए गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कदम उठाये गये और स्टार्टअप्स सेवाओं को बड़े शहरों तक सीमित न रखकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक भी ले जाया जाना चाहिए।सीतारमण ने आज यहां आरआईसी में राजस्थान यूथ कॉन्क्लेव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप तभी आगे बढ़ता है, जब उसको आवश्यक अनुदान और सरकार से समर्थन मिले। इसलिए युवाओं को स्टार्टअप के विचार को धरातल पर उतारने एवं उससे आमजन को लाभान्वित करने के लिए सही दिशा में मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स सेवाओं को ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक ले जाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से नीति और अनुदान की जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



उन्होंने कहा कि भारत के इनोवेशन ईको सिस्टम में भी राजस्थान बड़ा योगदान दे रहा है वहीं प्रदेश के स्टार्टअप्स की उपलब्धियों के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद वित्तीय समावेशन के लिए देश में पीएम जनधन योजना की शुरूआत की।

इसके तहत परिवार के एक सदस्य का बैंक खाता खोलना सुनिश्चित किया गया। आज इन बैंक खातों में किए गए वित्तीय लेन-देन से आमजन को ऋण लेने की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्टार्टअप्स फाउंडर्स के साथ बातचीत कर नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने वाले स्टार्टअप विचारों की सराहना की।

साथ ही, राजीविका से जुड़ी महिला से संवाद भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ने, नई संभावनाओं को तलाशने और अपने सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव अवसर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार का संकल्प है।

इसे साकार करने की दिशा में युवाओं की प्रतिभा, नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शर्मा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से बांसवाड़ा में ट्राइबल इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण किया गया है।

## एक नजर

### मराठा आरक्षण पर जरांगे पाटिल ने भूख हड़ताल की धमकी दी

**मुंबई,एजेंसी।** मराठा आरक्षण के मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने 29 अगस्त से मुंबई तक एक बड़े आंदोलन की धमकी देते हुए मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के पास अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी। पाटिल ने सोलापुर जिले के तंदुलवाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मराठा समुदाय के लोगों से बड़ी संख्या में एकजुट होने और 29 अगस्त से मुंबई की ओर कूच करने का आह्वान किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे मराठा समुदाय के हितों की रक्षा करने में विफल रहे हैं। पाटिल ने आरोप लगाया मराठा नेता और मंत्री सत्ता में आए लेकिन किसी ने भी हमारे लिए आवाज नहीं उठाई। श्री बावनकुले ने समुदाय के हितों के खिलाफ काम किया है और श्री फडणवीस उन्हें बचा रहे हैं। सत्ताधारी सरकार ने मराठा, धनगर, किसान और आदिवासी समुदायों की चिंताओं को जानबूझकर नजरंदाज किया है।

### प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार पर निशाना साधा

**पटना,एजेंसी।** बिहार सरकार द्वारा भारत भूषण तिवारी के परिवार के एक सदस्य को वित्तीय सहायता और सरकारी नौकरी देने के फैसले के बाद, जन सुराज पार्टी के प्रमुख और विधायक प्रशांत किशोर ने कहा कि यह निर्णय सकारात्मक कदम है, लेकिन इससे पूर्ण न्याय नहीं मिलता। उन्होंने तर्क दिया कि वास्तविक न्याय के लिए उन लोगों की पहचान करना और उनके खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है, जिन्होंने कथित तौर पर गोलीबारी का आदेश दिया और उसे अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच में व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषी पाए जाने वालों को कानूनी सजा मिले।

किशोर ने यह भी सवाल उठाया कि पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए अन्य युवाओं के परिवारों को इसी तरह की सहायता क्यों नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बंटी यादव के परिवार का जिक्र करते हुए तर्क दिया कि राजनीतिक कारणों से राहत को एक मामले तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

### कर्नाटक मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य सेवा योजना को दी मंजूरी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक राज्य मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष से कम आयु के राज्य सरकार के पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों और पात्र दिव्यांग आश्रित बच्चों के लिए अंशदान आधारित कैशलेस स्वास्थ्य सेवा योजना 'संध्या किरण' के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है।

प्रारंभिक चरण में, लगभग 4.93 लाख लाभार्थियों को (3.11 लाख पेंशनभोगी शामिल) इस योजना के अंतर्गत लाया जाएगा।

## लोक कलाकार सामूहिक स्मृति के संरक्षक : मुर्मु

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित कलाकारों को वर्ष 2024 और 2025 के लिए संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप तथा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किये और लोक कलाकारों को समाज की सामूहिक स्मृति का संरक्षक तथा भविष्य की कल्पनाएं प्रस्तुत करने वाला बताया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश की सभी विभिन्न कला शैलियों में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारी कलाओं की सबसे महत्वपूर्ण पुस्तक जीवंत गुरु ही होते हैं। आज के तेजी से बदलते दौर में हमारी बहुत सी लोक-कलाओं पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। ऐसी कला विधाओं का न केवल साक्ष्य और



प्रमाण रखना जरूरी है बल्कि उन्हें जीवंत रखने के लिए विशेष प्रयास जरूरी हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि कला के संस्कार और समझ से जीवन को समृद्ध करने के लिए प्रकृति को सबसे सहज प्रशिक्षण संस्थान है। लोक और जनजातीय कलाओं में जीवन का स्वाभाविक उल्लास और प्रकृति के साथ गहरा संवाद दिखाई देता है। इन कला रूपों में समुदाय की स्मृति और सामूहिक चेतना सहज रूप से व्यक्त होती है। यही कारण है कि लोक कलाएं भारत की सांस्कृतिक पहचान का अत्यंत महत्त्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि संगीत नाटक अकादमी इसी उद्देश्य से 'कला-दीक्षा' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। उन्होंने वरिष्ठ कलाकारों से कहा कि अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए योजना पूर्वक प्रयास करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समारोह में जिन कलाकारों को सम्मानित किया गया है वे मिलकर देश का एक ऐसा सांस्कृतिक मानचित्र प्रस्तुत करते हैं - जिसमें इस देश की मिट्टी की कथाएं और गीत जुड़े हैं; ऐसा मानचित्र जिसमें विविधता से भरी इस धरती के नृत्य और उत्सव समाए हैं और सदियों से विकसित हुई इसकी भाषाओं और बोलियों की यादें समाई हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत की संस्कृति जड़ों से जुड़ी हुई है। अलग-अलग खान-पान, वेषभूषा, नृत्य और संगीत, प्रकृति से प्रेरित हैं।

### हाईकोर्ट ने मान सरकार के पेपर लीक संबंधी दावों की पोल खोलीः चुघ

**चंडीगढ़,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाये जाने को पंजाब के लाखों युवाओं की बड़ी जीत बताया और कहा कि न्यायालय के आदेश से भगवंत मान सरकार के उन दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गये हैं, जिनमें सरकार लगातार पेपर लीक से जुड़े आरोपों को खारिज करती रही थी।

चुघ ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि पंजाब में 454 फार्मेसी अधिकारी पदों के लिए जुलाई 2026 में परीक्षा आयोजित की गयी थी।

## 11 आसियान देशों की महिला सैन्य अधिकारियों से मिले सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार दिल्ली में आसियान देशों की महिला सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान सेना प्रमुख ने और महिला सैन्य अधिकारियों सम्मानित किया। ये महिला सैन्य अधिकारी, सेंटर फॉर यूनाइटेड नेशन पीस कीपिंग द्वारा आयोजित आसियान-संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में हिस्सा ले रही हैं।

जनरल सेठ ने इस पाठ्यक्रम में शामिल हुई आसियान देशों की 11 महिला सैन्य अधिकारियों व भारतीय महिला सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

इस बातचीत में सेना प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और योगदान की सराहना की। गौरतलब है कि यह विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 10 से 21 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सैन्य अधिकारियों को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनाती से पहले आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

यहां मिलने वाले प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों से जुड़े विभिन्न पहलुओं, कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। यह पहल भारत और आसियान देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## सहारनपुर से छह सितंबर को चुनावी अभियान का आगाज करेंगे अखिलेश

**सहारनपुर, एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी छह सितंबर से उत्तर प्रदेश में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत सहारनपुर से करेंगे। इस अवसर पर सहारनपुर में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारियां पार्टी नेताओं ने शुरू कर दी हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जनसभा के संयोजक चौधरी रूद्रसेन ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार हो रहे दौरों के जवाब में सपा सहारनपुर से चुनावी अभियान का शंखनाद करेगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसी ऐतिहासिक जनसभा



आयोजित करना है, जिसका संदेश पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाए। रूद्रसेन ने बताया कि दिल्ली रोड स्थित ऐसे मैदान का चयन किया जा रहा है, जहां एक लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनसभा को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जुट गए हैं।

### गाय को 'राष्ट्रमाता' या 'राष्ट्रीय धरोहर' का दर्जा दिया जाना चाहिएः आलोक कुमार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गोरक्षा और गायों के संरक्षण को लेकर केंद्र सरकार से व्यापक केंद्रीय कानून बनाने की मांग दोहराई है।

उन्होंने कहा कि यह मांग नई नहीं है, बल्कि वीएचपी लंबे समय से गायों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय स्तर पर कानून बनाने की मांग करती रही है। उन्होंने गोरक्षा के लिए काम करने वाले कामधेनु आयोग को और अधिक शक्तिशाली व सक्षम बनाने के साथ-साथ गाय को राष्ट्र माता या राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिए जाने की भी मांग की। गोरक्षा के लिए अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

## महाराष्ट्र में 1.80 करोड़ मतदाताओं ने अभी तक पूरी नहीं की एसआईआर की प्रक्रिया

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र में लगभग 1.81 करोड़ मतदाताओं ने अभी तक मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। राज्य के लगभग 77.77 प्रतिशत मतदाताओं का डेटा डिजिटाइज़ किया जा चुका है।

महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव एस. चोकलिंगम द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार, 1,80,60,697 मतदाता (कुल मतदाताओं का 18.46 प्रतिशत) अभी भी एसआई प्रक्रिया से बाहर हैं। गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त, 2026 तय की गयी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक महाराष्ट्र में 9,78,54,049 पंजीकृत मतदाता थे।

अब तक 7,60,98,153 मतदाताओं के हस्ताक्षर वाले गणना फॉर्म एकत्र और डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं।

जिन मतदाताओं ने अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उनमें वे लोग शामिल हैं जो अनुपस्थित हैं, दूसरी जगह चले गए हैं, जिनकी मृत्यु हो गयी है या जिनका पंजीकरण प्रतिलिपि है। यह मुद्दा शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है; ठाणे, नागपुर, मुंबई, पुणे, पालघर और रायगढ़ में ऐसे मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है जो अभी भी एसआईआर प्रक्रिया से बाहर हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एन आई टी | 22, 24, 25, 26 & 28-2026-27-डब्ल्यू-5 | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम और उसका स्थान** : 22. दिल्ली-रेवाड़ी (DLI-RE) सेक्शन पर पुल नंबर 5 (1x3.05m), 32 (1X6.10m), 59 (7X6.10m) और 89 (3X6.10m) पर कर्व को आसान बनाकर स्पीड क्षमता बढ़ाने के लिए बैलास्ट रिटेनर को RCC स्लैब से बदलना। **समान कार्य की प्रकृति** : किसी भी पुल के काम का निर्माण। | | | |
| 24. ADEN/TKD के तहत JNC-PWL सेक्शन में विभिन्न स्थानों पर सिस की मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृति**: बैंकों/कटिंग में मिट्टी का काम करने वाला कोई भी सिविल इंजीनियरिंग काम। | | | |
| 25. सीस की मरम्मत विभिन्न स्थानों पर DLI-RE में ADEN/DEE के अधीन Sr. DEN-V-DLI के क्षेत्राधिकार में। **समान कार्य की प्रकृति** : बैंकों/कटिंग में मिट्टी का काम करने वाला कोई भी सिविल इंजीनियरिंग काम। | | | |
| 26. GGN, GHH, PT, JSKA, PTRD, IHP और KIP (11 नंबर) में सेक्शन SSE/W/GGN के अंतर्गत ADEN/DEE की जिम्मेदारी में Sr.DEN V-DLI के क्षेत्राधिकार में रेत के टीले की मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम। | | | |
| 28. ओका, एलपीएनआर, डीएसजे, बीआरएसक्यू, एचएनजेडएम (05 नंबर) में सैंड हप की मरम्मत और अन्य संबंधित कार्यों का सेक्शन SSE/W/NZM के तहत ADEN/NZM के क्षेत्राधिकार में Sr. DEN-V-DLI के तहत। (DSR के आधार पर)। **समान कार्य की प्रकृति**: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम। | | | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 22. Rs. 37696387.11 | 24. Rs. 24276395.79 | 25. Rs. 24320216.79 |
| | 26. Rs. 22575375.93 | 28. Rs. 23227761.41 | |
| **अग्रिम राशि (रुपये)** : (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोट**:- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) | | | |
| 22. Rs. 753900.00 | 24. Rs. 485500.00 | 25. Rs. 486400.00 | |
| 26. Rs. 451500.00 | 28. Rs. 464600.00 | | |
| काम की समाप्ति अवधि | 22. 06 महीने | 24. 12 महीने | 25. 12 महीने |
| | 26. 06 महीने | 28. 06 महीने | |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 07.09.2026 को 15:00 बजे तक तथा 07.09.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। | | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

No. 128-W/280/OET/2026-27/W-V/NIT-22, 24, 25, 26 & 28-2026-27 दिनांकः 11.08.2026 2794/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मॉस्को में इंडिया डे 2026, भारत-रूस रिश्तों को देगा नई मजबूती

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।**

मॉस्को में 20 से 23 अगस्त तक आयोजित होने वाला 11वां इंडिया डे 2026 भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक, कारोबारी तथा जन-से-जन संबंधों को नई मजबूती देने का मंच बनेगा। रूस की राजधानी के गोस्तिनी द्वोर में आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव में 700 से अधिक कलाकार भाग लेंगे।

नई दिल्ली स्थित फॉरेन करेस्पांडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया में आयोजित प्रेस संवाद में इंडिया डे के संस्थापक सैमी मनोज कोटवानी ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में पहली बार BRICS बिजनेस फोरम का आयोजन भी किया जाएगा। फोरम में व्यापार, निवेश, तकनीक और क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आयोजकों के अनुसार इसका



उद्देश्य भारत और रूस के साथ-साथ व्यापक BRICS समुदाय के बीच कारोबारी संपर्क और सहयोग की संभावनाओं को बढ़ाना है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी और संचालन लेखक प्रो. एस.एस. डोगरा ने किया। इस अवसर पर डॉ. एलेना रेमिज़ोवा, प्रमुख, रूसी हाउस, नई दिल्ली ने भारत-रूस संबंधों में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जन-से-जन संपर्क की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को संस्कृति के माध्यम से और व्यापक बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. एस.एस. डोगरा की रूसी भाषा में लिखी प्रेरणादायक पुस्तक 'उदाची वाम' का भी लोकार्पण किया गया। पुस्तक के माध्यम से भारतीय और रूसी समाज के बीच साहित्यिक एवं भाषाई संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास को रेखांकित किया गया।

इंडिया डे 2026 में भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक पहचान को प्रदर्शित करने के लिए 20 से अधिक थीम आधारित जोन बनाए जाएंगे। यहां भारतीय व्यंजन, योग, आयुर्वेद, बॉलीवुड, शास्त्रीय नृत्य और हस्तशिल्प विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।


**UDDHAV PROPERTIES LIMITED**
CIN: U70101DL1982PLC014024
Regd. Office: 19, Community Centre, First Floor, East of Kailash, New Delhi-110065
Tel. No.: 011-41326013, E-mail: uddhavproperties@gmail.com, Website: www.uddhavpropertiesltd.com
Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter ended June, 2026 (In Lakhs)

| | Particulars | Quarter ended 30.06.2026 (Unaudited) | Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2026 (Audited) | Year ended 31.03.2026 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.71 | 1.31 | 1.89 | 5.80 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items ) | 0.06 | 0.22 | 0.64 | 0.78 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items ) | 0.06 | 0.22 | 0.64 | 0.78 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items ) | 0.06 | 0.22 | 0.32 | 0.46 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 0.06 | 0.22 | 0.32 | 0.46 |
| 6 | Equity Share Capital | 141.00 | 141.00 | 141.00 | 141.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | (12.51) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10 /- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic: | 0.00 | 0.02 | 0.02 | 0.03 |
| | 2. Diluted: | 0.00 | 0.02 | 0.02 | 0.03 |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirement)Regulation, 2015.The full format is available on the website of the Company-www.uddhavpropertiesltd.com and Website of Stock Exchange-www.msei.co.in
2 The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved approved by Board of Directors in its meeting held on 13th August, 2026.
3 Previous year/Quarter figures have been re-grouped/reclassified,wherever necessary.

By order of Board
Sd/-
G.S. Poddar
Director
DIN:00917730

Date : 13.08.2026
Place : New Delhi



**FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**
CIN: L51503DL1986PLC024329
Regd. Office:- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015, E-mail: firl.nbfc@gmail.com, Website: www.firl.co.in
UN-AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | | 30.06.2026 Unaudited | 31.03.2026 Audited | 30.06.2025 Unaudited | 31.03.2026 Audited |
| 1. | Total Income | 16.93 | 19.91 | 18.19 | 77.30 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.25 | (9.48) | 6.07 | 8.43 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.25 | (9.48) | 6.07 | 8.43 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.81 | (15.06) | 4.53 | 1.30 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 2.81 | (8358.76) | 4.53 | (8342.69) |
| 6. | Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share) | 147.39 | 147.39 | 147.39 | 147.39 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations) Basic: | 0.19 | (1.02) | 0.31 | 0.09 |
| | Diluted: | 0.19 | (1.02) | 0.31 | 0.09 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited standalone financial results for the quarter ended on 30th June, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited standalone financial results is available on the Stock Exchanges' websites-(www.msei.in) and the Company's website (www.firl.co.in)
2. The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 13th August, 2026.

By order of the Board of Directors
For and on behalf of Fortune Industrial Resources Limited
Sd/-
Nishant Goyal
Whole Time Director
DIN:08153024

Place : Delhi
Date: 13.08.2026



**MFL INDIA LIMITED**
(CIN: L63040DL1981PLC012730)
Regd. Office: P-56, P Block, Pandav Nagar, Mayur Vihar Phase -1, East Delhi-110091
Website: www.mflindia.co.in Contact No +91-011-41425137

**EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30th 2026**

(In Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended June 30, 2026 (Unaudited) | Quarter Ended March 31, 2026 (Audited) | Quarter Ended June 30, 2025 (Unaudited) | Year Ended March 31, 2026 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 1319.72 | 1823.25 | 1400.22 | 6603.25 |
| Total Expenses | 1323.98 | 1831.86 | 1658.28 | 6799.89 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items) | -4.20 | -.72 | -258.02 | -188.19 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | -4.20 | -.72 | -258.02 | -188.19 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | 19.73 | -39.43 | -258.02 | 157.57 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 19.73 | -39.43 | -258.02 | 157.57 |
| Equity Share Capital | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | -3723.15 |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic (Rs.) | 0.01 | -0.01 | -0.07 | 0.04 |
| 2. Diluted (Rs.) | 0.01 | -0.01 | -0.07 | 0.04 |

Note:
1. The above Un-Audited Financial Results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their Meeting held on August 13, 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarter/ year ended Financial Results Filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and year ended financial results are available on the website of the Stock Exchange i.e. www.bseindia.com and of the Company website i.e. www.mflindia.co.in.

Place: New Delhi
Date: 13.08.2026

For MFL India Limited
Sd/-
Anil Thukral
(Managing Director)
DIN: 01168540